यूटीयू में चला एक पेड़ मां के नाम अभियान

देहरादून (एसएनबी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) में बृहस्पतिवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाया गया। इसके तहत विवि परिसर में अधिकारियों व कर्मचारियों ने विभिन्न प्रकार के 70 से अधिक पौधों को रोपित किया। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने अभियान को पर्यावरणीय सुरक्षा और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण बताया। साथ ही अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों व छात्रों अभियान में तत्परता से अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। पौधारोपण कार्यक्रम में कुलसचिव डा. सत्येन्द्र सिंह, वित्त नियंत्रक बिक्रम सिंह जंतवाल, परीक्षा नियंत्रक डा. विनय कुमार पटेल, परिसर निदेशक महिला प्रौद्योगिकी संस्थान डा. मनोज कुमार पाण्डा, डा. विशाल रमोला समेत अनेक लोग मौजूद थे।